**लापरवाही** | नए तिराहे पर भी रोज हो रहे हादसे, भेड़ाघाट बायपास के पास बना मौत का ब्लैक स्पॉट

# जबलपुर-नागपुर हाइवे पर अधूरे कट बने हादसों के पॉइंट



लाल घेरे में मौजूद ब्लैक स्पॉट

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर-नागपुर हाईवे पर भेड़ाघाट बायपास के पास से सामने आई ये तस्वीरें सड़क सुरक्षा की बड़ी लापरवाही उजागर कर रही हैं। यहां साइड से निकलने के लिए बिना सुरक्षा इंतजाम के सड़क बना दी गई है, जहां से लोग सीधे हाईवे क्रॉस कर रहे हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच यह अनियंत्रित क्रॉसिंग अब रोजाना दुर्घटनाओं की वजह बन रही है। वही स्थानीय लोगों के अनुसार हाईवे के किनारे बनाई गई इस साइड रोड से लगातार वाहन मुख्य सड़क पर चढ़ रहे हैं। हाईवे पर तेज रफ्तार से आने वाले ट्रक, बस और कार अचानक सामने आ रहे इन वाहनों से टकरा जाते हैं। वही अचानक क्रॉसिंग होने से कई बार आमने-सामने टक्कर की स्थिति बन जाती है। रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। इनमें से कई मामलों में जान और माल की हानि भी हो चुकी है वही लोगों का कहना है कि प्रशासन और एनएचएई को कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## नया विजय नगर-पाटन बायपास भी खतरे में

दूसरी तस्वीर में विजय नगर से पाटन बायपास को जोड़ने वाला नया मार्ग दिखाई दे रहा है, जो अभी पूरी तरह तैयार भी नहीं हुआ है। इसके बावजूद यहां वाहनों की आवाजाही शुरू हो चुकी है। इस अधूरे तिराहे पर स्थिति और भी खतरनाक है यहाँ तेज रफ्तार हाईवे ट्रैफिक साइड से अचानक निकलते वाहन बिना कोई सिग्नल दिए निकल जाते हैं। यहाँ पर बैरिकेड और चेतावनी बोर्ड भी मौजूद नहीं है। परिणामस्वरूप यहां भी लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और यह स्थान अब पूरी तरह ब्लैक स्पॉट बन चुका है वही लोगों की मांग है कि इन क्षेत्रों में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और एनएचएईसे मांग की है कि अनियंत्रित कट और साइड रोड तुरंत बंद या नियंत्रित किए जाएं और स्पीड ब्रेकर, बैरिकेड और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और ट्रैफिक कंट्रोल और पुलिस निगरानी बढ़ाई जाए। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यहां किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

# डेढ़ घंटे के भीतर 3 चेन स्नेचिंग

**बेखौफ लुटेरों ने बुजुर्गों को टारगेट बना फैलाई दहशत**

**जबलपुर।** शहर में बेखौफ लुटेरों ने मंगलवार को डेढ़ घंटे के भीतर तीन चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम दिया। चेहरे पर गमछा, कपड़ा बांध, हेलमेट पहनकर पहुंचे लुटेरों ने दहशतगर्दी फैलाते हुये बुजुर्ग महिलाओं को टारगेट करते हुए गलों में झपट्टा मारकर लूटपाट की। सुबह-सुबह सबसे पहली वारदात गोरखपुर थाना अंतर्गत राजुल अपार्टमेंट के सामने सुबह 8:30 बजे हुई जहां मां-बेटे से झूमाझपटी के बाद लुटेरे महिला की चेन छीनकर भाग गए। दूसरी वारदात सुबह 9:20 बजे कोतवाली थाना अंतर्गत तुलसीनगर रोड के पास हुई। स्कूटी सवार सास, बहू को निशाना बनाते हुए बदमाश ने वृद्धा पर झपट्टा मारकर चेन लूट ली। तीसरी लूटपाट संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में सुबह 9:50 बजे हुई जहां बाइक सवार दो लुटेरों ने एक बुजुर्ग महिला के गले से झपट्टा मारकर सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। झपट्टामारी के दौरान पीड़िता के गले में चोट आई है। पुलिस ने तीनों ही मामलों में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि लुटेरों तक पहुंचा जा सके।

### ई रिक्शा से उतरते ही छीनाझपटी

संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि त्रिमूर्ति नगर गोहलपुर निवासी



श्रीमती अलका चौधरी जैन 67 वर्षीय अपनी समधिन सुधा जैन के साथ विजय नगर से ई-रिक्शा में सवार होकर संजीवनी नगर आई थीं। वे यहां अपने रिश्तेदार डॉ. मनोज जैन के घर जा रही थीं। मंगलवार सुबह करीब 9:50 बजे अलका जैन जैसे ही डॉक्टर के घर के सामने ई-रिक्शा से उतरीं, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। बाइक पर पीछे बैठे युवक जिसने कत्थई रंग की टी-शर्ट पहनी थी ने तेजी से महिला के गले पर झपट्टा मारा। महिला ने दिलेरी दिखाते हुए अपनी चेन बचाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उन्हें जोर से धक्का दिया और सोने की चेन लेकर मोटरसाइकिल पर अपने साथी हरे रंग की टी-शर्ट पहने हुए के साथ रफूचक्कर हो गया। इस छीना-झपटी और हमले में बुजुर्ग महिला के गले के दाहिने हिस्से में चोट आई है। लूटी गई चेन का वजन करीब 15 ग्राम बताया जा रहा है।

### सास-बहू को धक्का देकर गिराया, चेन छीनकर भागे

कोतवाली पुलिस ने बताया कि मंगलवार दोपहर 1-15 बजे किरण जैन 60 वर्ष निवासी जगदम्बा कालोनी तुलसी नगर कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वे टीव्हीएस जूपिटर से अपनी बहु के साथ शिवनगर जैन मंदिर से अपने घर वापस आ रही थी, जैसे ही तुलसीनगर रोड के पास सुबह 9 :20 बजे पहुंचे तभी एक मोटर सायकिल में सवार 2 लडके पीछे से आये और हम लोगों को गाडी रोककर बोले डर के कारण बहु ने गाडी को धीमी किया तभी मोटर सायकिल चालक ने स्कूटी में धक्का मार दिया जिससे वह रोड पर गिर पड़ी मोटर सायकिल में पीछे बैठा युवक मुंह पर तौलिया बांधे था उसने उसके गले से सोने की चेन छीन ली तथा मोटर सायकिल मे बैठ गया। दोनों उसके सोने की चेन वजनी 10 ग्राम की छीनकर तेजी से भाग गये। मोटर सायकिल चला रहा लडका हेलमेट लगाये एवं पीछे बैठा लडका मुंह में कपडा बांधे हुये था।

### मां-बेटे से झूमाझपटी कर गले में झपट्टा मार भागे

गोरखपुर थाने में विजय कुमार पृथ्यानी 40 वर्ष निवासी टेगौर नगर ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी टाफी बिस्कूट की दुकान मुकादम गंज में है सुबह करीबन 8 .30 बजे अपनी गाडी इलेक्ट्रानिक गाडी में अपनी मां मीना पृथ्यानी को पीछे बैठाकर चौथा पुल की तरफजा रहा था। जैसे ही राजुल अपार्टमेंट के सामने पहुंचा तभी एक मोटर साईकिल मे सवार दो लडके आये और उससे और उसकी माँ के साथ झूमा झपटी कर मां के गले में पहनी सोने की चैन को छीनकर चौथा पुल की ओर भाग गये। पीछे वाले लडके ने महरुन कलर का शर्ट पहना था एवं सफेद कलर का गमछा ओढा था।

# जनसुनवाई कक्ष में धरना देने नगर निगम पहुंचे विनय सक्सेना



**ठेका सफाई कर्मी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण का मामला नगर निगम में गूंजा**

**नवभारत, जबलपुर।** ठेका मजदूर की हैसियत से अपना श्रम, समय और मेहनत नगर निगम को दे रहे सफाई और आउटसोर्स कर्मचारियों का अफसरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से जबरदस्त शोषण किया जा रहा है। ये गंभीर आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक विनय सक्सेना मंगलवार को अपने साथियों सहित नगर निगम पहुंचे और उन्होंने जनसुनवाई कक्ष में ही तब तक धरने पर बैठे रहने की घोषणा कर दी जब तक कि निगम प्रशासन ठेका कर्मचारियों के साथ इंसाफ नहीं कर देता?

अपने साथियों सहित नगर निगम आयुक्त के नाम एक पत्र लेकर गए विनय सक्सेना ने सात सूत्रीय बिंदुओं के माध्यम से नगर निगम में चल रहे ठेका सफाई और आउटसोर्स कर्मचारियों के शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक और मानसिक शोषण की पूरी कलई खोलकर रख दी। पत्र के माध्यम से विनय सक्सेना ने बताया कि- ठेके पर लगे सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा ठेका नियम शर्तों के मुताबिक ना तो वेतन दिया जा रहा है ना ही उन्हें काम करने के लिए लगने वाले साधन संसाधनों जैसे झाड़ू, पंजा, फावड़ा, तसला, जैकेट, मास्क, दस्ताने, जूते आदि मुहैया किये जा रहे हैं? कर्मचारियों को कलेक्टर गाइड लाइन और श्रम कानून के तहत निर्धारित की गई मजदूरी की बजाय मात्र 250 रूपये प्रतिदिन प्रति कर्मचारी के परिश्रमिक दिया जा रहा है? कर्मचारियों को पीएफ और ई सी आई सी यानी सामाजिक सुरक्षा और बीमा की सुविधा से भी वंचित रखा गया है? गढ़ा इलाके में सफाई कार्य के लिए ठेकेदार को कर्मचारी मुहैया कराने वाला एक ग़रीब युवक बीते करीब डेढ़ सालों से उन कर्मचारियों की मजदूरी के लिए नगर निगम अधिकारियों के चक्कर काट रहा है लेकिन कोरे आश्वासनों के सिवाय उसे आज तक भुगतान नहीं किया गया? बताया गया नगरनिगम से ठेकेदार को कर्मचारियों के 30 दिन का वेतन भुगतान किया जा है जबकि ठेकेदार मात्र 26 दिन का वेतन ही कर्मचारियों को दे रहा है?

### तीन दिन का दिया आश्वासन

विनय सक्सेना के मुताबिक उनके द्वारा लगाए गए उक्त सभी आरोपों और शिकायतों को निगम प्रशासन ने भी जायज और सही माना है और तीन दिन के भीतर जाँच पड़ताल कर सभी खामियाँ दूर कर अवगत कराने का वादा किया है। श्री सक्सेना ने चेतावनी दी है कि अगर कर्मचारियों को शोषण और भेदभाव से मुक्ति दिलाने में नगर निगम ने सख्ती और तत्तपरता नहीं दिखाई तो आवाज़ और बुलंद कर दी जायेगी जिसकी गूँज आर्थिक और शारीरिक अपराध कार्यालयों के अलावा दिल्ली और भोपाल में भी सुनाई देगी। इस मौके पर कांग्रेस के राजेंद्र सराफ रज्जू, संजय उपाध्याय, सिद्धांत जैन गोलू, मेवालाल पटैल, सौरभ रैकवार, अल्केश गुप्ता, एड.आकाश तिवारी, राजेन्द्र ठाकुर रंजीत, केशव नारायण कोरी, राकेश चौधरी, दिलीप चमकेल, सुरेंद्र तिवारी, सुशिम धर, एड. मुहम्मद अल्तमश, सुदीश साहू, अरविन्द तिवारी, कलीम खान, लतीफ अंसारी,जाकिर खान, अमित नामदेव, प्रमोद जायसवाल, रवि, गणेश, राजू इत्यादि बड़ी संख्या में नवनियुक्त पदाधिकारी और कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# कार और नगद 50 हजार ले उड़ा शातिर चोर

**सांची कर्मी के घर का ताला तोड़कर वारदात**

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत हाथीताल में एक सांची दुग्ध संघ के कर्मचारी के घर में सेंधमारी कर चोर ने न केवल अलमारी में रखे 50 हजार रुपये पार कर दिए, बल्कि घर के बाहर खड़ी लाल रंग की वैगनार कार भी चोरी कर ली। शक की सुई इलाके के ही एक पुराने परिचित पर घूम रही है, जो वारदात से ठीक पहले फरियादी से रास्ते में मिला था। पुलिस प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव्ही फुटेज खंगा रही है। पुलिस के मुताबिक चाहत गुप्ता (29) निवासी हाथीताल लक्ष्मी कॉलोनी सांची दुग्ध संघ में कार्यरत है। कल सुबह चार बजे जब वह ड्यूटी के लिए पनागर जाने को निकला, तब रास्ते में उसे निर्मल सिंह उर्फ करिया मिला। निर्मल ने चाहत से उसके जाने के बारे में पूछताछ की। उस वक्त चाहत को अंदाजा भी नहीं था कि यह मुलाकात महज इत्तेफाक नहीं, बल्कि रेकी का हिस्सा थी। जब चाहत काम से वापस घर लौटा, तो उसने देखा कि घर के सामने खड़ी उसकी लाल रंग की वैगनार एमपी 20 सी ई 3330 गायब थी। घबराया हुआ चाहत जब घर के अंदर पहुंचा, तो देखा कि ऊपर के कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर रखी अलमारी खुली पड़ी थी और उसमें रखे 50 हजार रुपये नकद गायब थे। शातिर चोर ने कमरे के रैक में रखी वैगनार और बुलेट की चाबियां उठाईं और आराम से कार लेकर रफूचक्कर हो गया।

### कैमरे में दिखा करिया

चाहत ने जब पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो उसमें संदेही करिया धुंधली तस्वीरों में कार ले जाते हुए नजर आया। पीड़ित का आरोप है कि निर्मल सिंह उर्फ करिया ने ही मौका पाकर ताला तोड़ा और कार व नगदी चोरी की है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। संदेही की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।


